तापमान

अधिकतम 42.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 27 मई 2026

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]

16 मवेशी बाजार और मंडी रोड में पुलिस सहायता ...



16 जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण और योजनाओं ...



## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने निःशक्तजनों को प्रदान किया कृत्रित पैर



**बलौदाबाजार।** राज्य शासन की मंशानुसासर जिला प्रशासन द्वारा दिव्यांग और वृद्धजनों का हर संभव मदद किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने एक दिव्यांग को समाज कल्याण विभाग द्वारा एक कृत्रिम पैर प्रदान किया। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को जनदर्शन में पहंचे बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम सलौनी निवासी दिव्यांग अल्लू यादव को समाज कल्याण विभाग के माध्यम से कृत्रित पैर प्रदान किया। दिव्यांग अल्लू यादव ने जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कृत्रिम पैर मिलने से सम्मान की अनुभूति हो रही है। इस अवसर पर उप संचालक सिनीवाली गोयल सहित समाज कल्याण विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित होंगे सुरेश बंजारे



**खरोरा।** क्षेत्र के लिए गौरव की बात है कि रायपुर विद्युत विभाग में पदस्थ इलेक्ट्रिकल इंजीनियर सुरेश कुमार बंजारे को महाराष्ट्र के नासिक में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार 2026 से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें 28 मई को आनंदी यूनिवर्स फाउंडेशन द्वारा प्रदान किया जाएगा। इंजी. सुरेश बंजारे ने 10 दिसंबर 2023 को भारतीय दलित साहित्य अकादमी के तत्वाधान में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर फेलोशिप अवार्ड 2023 की मानद उपाधि से सम्मानित किया जा चुका है। उनकी इस उपलब्धि से खरोरा एवं पूरे क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है।

### 28 मई को कॉलेज की सभी परीक्षाएं स्थगित

**बलौदाबाजार।** राज्य शासन द्वारा 28 मई को बकरीद पर अवकाश घोषित कर दिए जाने के कारण इस तिथि पर निर्धारित समस्त कक्षाओं की सेमेस्टर परीक्षाएं रविशंकर विश्वविद्यालय ने अधिसूचना जारी कर स्थगित कर दी हैं। इन परीक्षाओं की संशोधित तिथि बाद मे घोषित की जाएगी। प्राचार्य शा. डी. के. महाविद्यालय के छात्र हित में सूचना जारी की है।

# देवपुर जंगल में बर्डिंग ट्रेल के दौरान दिखी जायंट मालाबार स्क्विरल

## दुर्लभ वृक्षवासी गिलहरी की पहचान ने प्रकृति प्रेमियों में बढ़ाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

बलौदाबाजार वनमण्डल अंतर्गत 16 से 22 मई तक आयोजित देवपुर समर कैंप के दौरान प्रकृति एवं जैव विविधता से जुड़े कई महत्वपूर्ण अनुभव सामने आए। इसी क्रम में कैंप के शुभारंभ दिवस 16 मई को देवपुर जंगल में आयोजित बर्डिंग ट्रेल के दौरान एक महत्वपूर्ण वन्यजीव अवलोकन दर्ज किया गया, जब एक जायंट मालाबार स्क्विरल दिखाई दी, जिसने प्रकृति प्रेमियों एवं वन्यजीव संरक्षण से जुड़े लोगों में विशेष उत्साह पैदा किया।

इस दुर्लभ वृक्षवासी गिलहरी की पहचान बलौदाबाजार के प्रकृति एवं पक्षी प्रेमी तथा साइबर रिस्क एक्सपर्ट हेमंत वर्मा द्वारा की गई। उनके अनुसार यह प्रजाति सामान्य गिलहरियों की तुलना में आकार में काफी बड़ी होती है और इसका आकर्षक रंग संयोजन इसे आसानी से अलग पहचान देता है। देवपुर जंगल में इसका दिखाई देना क्षेत्र की समृद्ध जैव विविधता एवं स्वस्थ वन पारिस्थितिकी का एक सकारात्मक संकेत माना जा रहा है।

जायंट मालाबार सक्विरल, जिसे वैज्ञानिक रूप से रटूफा इंडिका कहा जाता है। यह भारत की सबसे बड़ी वृक्षवासी गिलहरियों में से एक मानी जाती है। यह सामान्य गिलहरियों की तुलना में आकार में काफी बड़ी होती है और इसकी लंबाई पूंछ सहित लगभग तीन फीट तक हो सकती है। इसके शरीर पर गहरा लाल, काला, भूरा एवं क्रीम रंगों का सुंदर मिश्रण इसे अत्यंत ▸▸ शेष पेज 14 पर



### 20 फीट तक लंबी छलांग लगाने की क्षमता

यह गिलहरी पूरी तरह वृक्षवासी स्वभाव की होती है और अपना अधिकांश जीवन ऊंचे पेड़ों की शाखाओं पर ही बिताती है। यह बहुत कम जमीन पर उतरती है और एक पेड़ से दूसरे पेड़ तक लगभग 20 फीट तक लंबी छलांग लगाने की क्षमता रखती है। इसकी उपस्थिति किसी भी वन क्षेत्र के स्वस्थ वृक्ष आवरण और जैव विविधता का एक महत्वपूर्ण संकेत मानी जाती है। अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ द्वारा इस प्रजाति को लिस्ट कॉनसेरन श्रेणी में रखा गया है, हालांकि जंगलों की कटाई एवं आवास विखंडन के कारण इसके प्राकृतिक आवासों पर प्रभाव देखा जा रहा है। भारत में यह प्रजाति वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची-II के अंतर्गत संरक्षित है, जिसके तहत इसका शिकार या व्यापार प्रतिबंधित एवं दंडनीय अपराध है।

## अवैध भण्डारण, जमाखोरी व बिना अनुमति के बल्क में बिक्री करने वालों पर होगी कार्रवाई

# किसानों को आवश्यकता अनुसार मिलेगा डीजल अवैध भंडारण करने वालों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

आगामी खरीफ सीजन में खेती-किसानी के कार्य के लिए ट्रैक्टर और पम्प के लिये आवश्यकता अनुसार पेट्रोल पम्प से डीजल प्रदाय किया जाएगा। पम्प के लिये डीजल जरिकेन में लेने पर किसान को केसीसी कार्ड या किसान किताब पेट्रोल पम्प में दिखाना होग़ा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को समय सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों के साथ ही जिले में पेट्रोल, ड़ीजल एवं रसोई गैस की आपूर्ति व वितरण की समीक्षा की।



कलेक्टर ने खाद्य अधिकारी, एसडीएम एवं तहसीलदारों को स्पष्ट निर्देशित किया कि कृषि, अस्पताल, मोबाइल टावर, शासकीय निर्माण कार्य में लगे मशीनरी, मुर्गी फार्म के जनरेटर आदि के लिये पेट्रोल पम्प द्वारा डीजल आवश्यकता अनुसार प्रदाय किया जाए। जरिकेन में डीजल तभी दिया जाए जब किसान केसीसी कार्ड या किसान किताब लेकर आएं। उन्होंने कहा कि कृषि कार्य के लिये किसानों को अपने विकासखण्ड अंतर्गत स्थित पेट्रोल पम्प से ही डीजल दिया जाए। इसके साथ ही ट्रांसपोर्ट वाले भारी वाहनो को भी डीजल देने में कोई प्रतिबन्ध नहीं है। कलेक्टर ने डीजल-पेट्रोल एवं रसोई गैस के अवैध भंडारण, जमाखोरी या निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर बिक्री करने वालों पर कड़ी कार्रवाई के लिये खाद्य एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को लगातर जांच व निरीक्षण करने के निर्देश दिये। उन्होंने संपर्क केन्द्र के मोबाइल नंबर को कंट्रोल रुम नंबर के रूप में 24 घण्टे संचलित करने के निर्देश दिये ताकि आमजन किसी प्रकार की शिकायत सूचना दें सकें। कलेक्टर श्री शर्मा ने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि 6 से 9 माह एवं 3 से 6 माह तक लंबित प्रकरणों का अभियान चलाकर निराकरण कराएं। इसी तरह त्रुटि सुधार के लगभग 4 हजार आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त शिकायत एवं मांग के आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने कहा। बैठक में अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते, अभिषेक गुप्ता निशा नेताम मडावी, एसडीएम बलौदाबाजार प्रकाश चंद्र कोरी सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### डीजल की किल्लत से पंपों में लग रही ट्रैक्टरों की भीड़

**मुंडा।** बलौदाबाजार जिले के मुंडा क्षेत्र में स्थित पेट्रोल पंप में इन दिनों ट्रैक्टरों की ईंधन लेने लाइन लगी है। चालक ईंधन लेने सुबह-सुबह पेट्रोल पंप पहुंच रहे हैं, बावजूद ईंधन लेने में अधिक समय लग रहा है। विदित हो कि ईरान-इजरायल और अमरीका युद्ध के चलते अभी हाल ही में महज 10 से 12 दिनो के भीतर ही डीजल पेट्रोल के दामों में चार बार बढ़ोतरी हुई है। मई माह में 15, 19, 22, और 25 मई को डीजल पेट्रोल के दामों में बढ़ोतरी होने के बावजूद पेट्रोल पंपो में डीजल की किल्लत हो रही है। वहीं अंचल में 13 और 14 मई को हुई झमाझम बारिश के बाद से खरीफ फसल के लिए अकरस की जुताई जारी है। अकरस जुताई के लिए डीजल नहीं मिलने के कारण पेट्रोल पंपो में ट्रैक्टरों की लंबी कतारे लग रही है। डीजल नहीं मिलने से कृषि कार्य खासकर अकरस की जुताई बुरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं। आपूर्ति बाधित होने से पेट्रोल पंपों में कही एक हजार तो कही 1500 का ही डीजल दिया जा रहा है। इसी तरह डीजल और पेट्रोल की किल्लत लवन और लाहोद के पेट्रोल पंप में देखने को मिल रहा है। जहां पेट्रोल पंपो पर ईंधन लेने वालों की भारी भीड़ उमड़ रही है। 26 मई को सुबह 10 बजे के आसपास लाहोद के पेट्रोल पंप में लगभग 50 से अधिक ट्रैक्टर और बड़ी वाहनों की लंबी कतारे लगी रही। लंबी कतारे लगने से सड़क में जाम जैसी स्थिति बनी हुई थी। वहीं भीषण गर्मी के बीच घंटों लाइन में खड़े ▸▸ शेष पेज 14 पर



# शून्य ब्याज ऋण से खरीफ खेती में किसानों को मिल रहा संबल



**बलौदाबाजार।** राज्य शासन की शून्य ब्याज योजना खरीफ खेती में किसानों के लिये संबल बन रही है। किसान सहकारी समिति एवं जिला सहकारी बैंक से किसान क्रेडिट कार्ड द्वारा शून्य ब्याज में ऋण राशि प्राप्त कर खरीफ खेती के लिये खाद -बीज़ सहित अन्य कृषि कार्य में उपयोग कर रहे हैं। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने सहकारिता विभाग में अधिकारियो को केसीसी से अधिक से अधिक किसानों को शून्य ब्याज ऋण का लाभ देने के निर्देश दिये हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार खरीफ वर्ष 2026-27 में जिले के 56981 को 515 करोड़ राशि शून्य ब्याज में वितरित करने का लक्ष्य है। इस लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 49492 किसानों को 262 करोड़ 77 लाख रुपए वितरित किया जा चुका है। विगत वर्ष 470 करोड़ रुपए वितरित करने का लक्ष्य मिला था। इसी तरह इस वर्ष समितियों में उर्वरक भण्डारण हेतु 58350 मेट्रिक टन का लक्ष्य हैं, जिसके विरुद्ध 24299 मेट्रिक टन भण्डारण एवं समितियो के द्वारा 4102 मेट्रिक टन खाद का वितरण किया गया है एवं समितियों में 20197 मेट्रिक टन खाद शेष है। बीज भण्डारण लक्ष्य 32690 क्विंटल के विरुद्ध 6593 क्विंटल भण्डारण एवं 3338 क्विंटल वितरण किया गया है।

# अलग-अलग स्थानों से 104 पौवा शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार



जिला पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए कुल 104 पौवा शराब जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद जेल भेजा है। यह कार्रवाई पुलिस और आबकारी विभाग ने संयुक्त रूप से की। इस कार्रवाई से शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला आबकारी की टीम ने 18.72 लीटर देशी मदिरा मसाला जब्त किया। वृत्त भाटापारा क्षेत्र अंतर्गत थाना हथबंद के ग्राम लावर निवासी आरोपी घुरऊराम पारधी के कब्जे से 36 पौवा देशी मदिरा मसाला एवं ग्राम बिलाईडबरी निवासी गोपाल रात्रे के कब्जे से 38 पौवा देशी मदिरा मसाला जब्त किया गया। दोनों आरोपियों के कब्जे से 74 पौवा देशी मदिरा शराब जब्त की गई। देशी मदिरा मसाला का बाजार मूल्य 7,400 होना पाया गया। आरोपी घुरऊराम पारधी एवं गोपाल रात्रे के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) 59(क) का प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। इसी तरह वृत्त पलारी क्षेत्र में आबकारी विभाग द्वारा थाना पलारी के ग्राम खरतोरा निवासी आरोपी कमल नारायण साहू के कब्जे से देशी मदिरा मसाला 30 पौवा शराब जब्त की गई। देशी मदिरा ▸▸ शेष पेज 14 पर

# जिलाबदर का आरोपी गिरफ्तार

**पलारी।** समाधान सेल के माध्यम से अपराधिक कृत्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में प्राप्त सूचना पर थाना पलारी की पुलिस टीम द्वारा जिलाबदर आरोपी विक्की सोनवानी को हिरासत में लिया।

पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा पर जिला दंडाधिकारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा धारा 3,5(ख) 2023 छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत आरोपी विक्की सोनवानी को जिलाबदर किया गया है। उक्त आदेश के तहत आरोपी को जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के साथ सीमावर्ती जिले बिलासपुर, रायपुर, महासमुंद, मुंगेली, जांजगीर, सक्ति, बेमेतरा, सारंगढ़-बिलाईगढ़ आदि जिले की सीमाओं से बाहर चले जाने का आदेश दिया गया है तथा



आदेश में अनावेदक को न्यायालय की अनुमति के बिना जिले की सीमाओं में प्रवेश नहीं करने संबंधी आदेश का भी उल्लेख है।बावजूद आरोपी विक्की सोनवानी अपने ग्राम अमेरा में घूम रहा है। सूचना पर थाना पलारी की पुलिस टीम द्वारा जिलाबदर आरोपी विक्की सोनवानी को मौके पर ही पकड़ कर हिरासत में लिया गया। आरोपी का कृत्य धारा 14, 15 छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 का घटित पाए जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# 32 वर्षों से फरार स्थाई वारंटी आरोपी बिलासपुर से गिरफ्तार

**गिधौरी।** ग्राम खपरीडीह से विगत 32 वर्षों से फरार वारंटी को गिधौरी पुलिस पकड़ने में सफलता मिली है। आरोपी खपरीडीह में बीते 32 वर्ष पहले आरोपी मारपीट कर घटना को अंजाम देकर फरार चल रहा था। सन 1992 के आसपास में आरोपी पुजेरी उर्फ फुलदास वैष्णव पिता किशनदास वैष्णव एवं उनके तीन साथी द्वारा गांव के ही हेमलाल यादव पिता दादु राम के साथ मारपीट की गई थी और हाथ पैर तोड़ दिये थे। पीड़ित द्वारा बिलाईगढ़ थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया गयी थी, जिसमें पुलिस ने धारा 325/34 ईपीसी के तहत मामला दर्ज किया था और घटना के बाद तीन आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। पुजेरी उर्फ फुलदास वैष्णव आरोपी



फरार चल रहा था। 32 वर्ष बाद गिधौरी पुलिस ने 26 मई को पुजेरी उर्फ फुलदास वैष्णव 56 वर्ष को ग्राम गिरफ्तार कसडोल न्यायालय पेश किया। आरोपी बिलासपुर में नाम बदल कर रहता था आरोपी को गिधौरी पुलिस पकड़ने में प्रधान आरक्षक भारत भुषण पठारी, आरक्षक सुजीत तम्बोली का योगदान रहा है, जहां आरोपी को जेल भेज दिया गया।

## धान फसल में संतुलित उर्वरकों के उपयोग के लिए बनाए गए 5 समूह

# खेती रकबा अनुसार किसानों को मिलेगा खाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

धान फसल में उर्वरकों के संतुलित उपयोग हेतु इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा किसानों की सुविधा के लिये उर्वरक समूह तैयार किया गया है। इस समूह के अनुसार समितियों से खाद उठाव के लिये किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

उर्वरक समूह एक अंतर्गत 0 से 1 एकड़ वाले किसान को यूरिया 2 बोरी, डीएपी 1बोरी, म्यूरेट ऑफ पोटाश 1 बोरी, 1 से 2 एकड़ के किसान को यूरिया 4 बोरी, डीएपी 2 बोरी, म्यूरेट ऑफ पोटाश 1 बोरी, 2 से 3 एकड़ के किसान को यूरिया 6 बोरी, डीएपी 3 बोरी, म्यूरेट ऑफ पोटाश 2 बोरी,3 से 4 एकड़ के किसान को यूरिया 8 बोरी, डीएपी 4 बोरी, म्यूरेट ऑफ पोटाश 2 बोरी, 4 से 5 एकड़ के किसान को यूरिया 10 बोरी, डीएपी 5 बोरी, म्यूरेट ऑफ पोटाश 3 बोरी वितरण किया जायेगा। उर्वरक समूह दो अंतर्गत 0 से 1 एकड़ वाले किसान को यूरिया 2 बोरी, ▸▸ शेष पेज 14 पर

### 6 खाद दुकानों का लाइसेंस सस्पेंड

**बिलाईगढ़।** कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू के निर्देश पर आशुतोष श्रीवास्तव उप संचालक कृषि के मार्गदर्शन में जिले के किसानों को गुणवत्तायुक्त खाद, बीज एवं कीटनाशक उपलब्ध कराने हेतु उर्वरक निरीक्षक के द्वारा विगत दिनों जिले के सहकारी एवं निजी विक्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 6 निजी संस्थाओं द्वारा नियमों का उल्लंघन करते पाये जाने पर कार्यवाही करते हुए मेसर्स दिलीप ट्रेडर्स हरदी, साहू कृषि केन्द्र मल्दा अ, मेसर्स धनलक्ष्मी ट्रेडर्स जोरापाली, मेसर्स पुष्पराज केशरवानी, भटगांव, मेसर्स आनंद ट्रेडर्स एवं कृषि केन्द्र, सरसीवां एवं मेसर्स साहू खाद भण्डार, पवनी का अनुज्ञप्ति निलंबन किया गया। निरीक्षण के दौरान जयप्रकाश गुप्ता उर्वरक निरीक्षक, मायाशंकर जोल्हे और प्रकाश कुमार ▸▸ शेष पेज 14 पर



### 1 एकड़ के किसान को 1 बोरी यूरिया और 3 बोरी एनपीकेएस

इसी तरह उर्वरक समूह-पांच अंतर्गत 0 से 1 एकड़ वाले किसान को यूरिया 1 बोरी, एनपीकेएस 3 बोरी, म्यूरेट ऑफ पोटाश 1 बोरी, 1से 2 एकड़ के किसान को यूरिया 2 बोरी, एनपीकेएस 5 बोरी, म्यूरेट ऑफ पोटाश 1 बोरी, 2से 3 एकड़ के किसान को यूरिया 3 बोरी, एनपीकेएस 7 बोरी, म्यूरेट ऑफ पोटाश 1 बोरी, 3से 4 एकड़ के किसान को यूरिया 4 बोरी, एनपीकेएस 10 बोरी, म्यूरेट ऑफ पोटाश 1 बोरी, 4से 5 एकड़ के किसान को यूरिया 5 बोरी, एनपीकेएस 12 बोरी, म्यूरेट ऑफ पोटाश 2 बोरी वितरण किया जायेगा। जिले के समस्त 2.5 एकड़ तक सीमांत कृषक को निर्धारित मात्रा एक मुश्त, लघु कृषक 2.5 से 5 एकड़ तक के किसान को निर्धारित मात्रा में यूरिया 2 किश्त (द्वितीय किश्त प्रथम किश्त के 20 दिवस के बाद) तथा बड़े कृषक 5 एकड़ से अधिक तक के किसान को निर्धारित मात्रा में यूरिया 3 किश्त (द्वितीय किश्त प्रथम किश्त के 20 दिवस एवं तृतीय किश्त द्वितीय किश्त के 20 दिवस के बाद) प्रदाय की जायेगी। खरीफ वर्ष 2026 में कृषक को यूरिया की 80 प्रतिशत मात्रा एवं डीएपी की 60 प्रतिशत मात्रा का वितरण किया जाना है। यूरिया की शेष 20 प्रतिशत मात्रा पारंपरिक यूरिया की आपूर्ति होने पर ▸▸ शेष पेज 14 पर



# पेट्रोल-डीजल की कमी और बढ़ती कीमतों ने बढ़ाई चिंता, 800 रुपए की जुताई पहुंची 1500 तक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुहेला

खरीफ सीजन की तैयारी के बीच क्षेत्र में डीजल और पेट्रोल की भारी किल्लत ने किसानों और ट्रैक्टर संचालकों की चिंता बढ़ा दी है। एक ओर पेट्रोल-डीजल के दामों में लगातार वृद्धि हो रही है, वहीं दूसरी ओर पर्याप्त मात्रा में ईंधन नहीं मिलने से खेतों में अकरस जुताई का कार्य प्रभावित हो गया है। शासन द्वारा जेरीकैन और प्लास्टिक डिब्बों में डीजल-पेट्रोल देने पर प्रतिबंध लगाए जाने से किसानों और ट्रैक्टर मालिकों की परेशानी और बढ़ गई है।

क्षेत्र के किसानों का कहना है कि समय पर खेतों की जुताई नहीं होने से खरीफ फसल की तैयारी प्रभावित हो रही है। बारिश शुरू होने से पहले अकरस जुताई कर खेत तैयार करना जरूरी होता है, लेकिन डीजल संकट के कारण ट्रैक्टर खेतों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। इससे किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिखाई देने लगी हैं। घंटों लाइन में लगकर भी नहीं मिल रहा पर्याप्त डीजल ट्रैक्टर संचालकों का कहना है, कि अब उन्हें खेतों से ट्रैक्टर लेकर 5 से 20 किलोमीटर दूर पेट्रोल पंप तक जाना पड़ रहा है। वहां भी घंटों लाइन में लगने के बाद मात्र 30 से 35 लीटर डीजल ही दिया जा रहा है। कई बार तो डीजल खत्म होने के कारण खाली हाथ लौटना पड़ता है। डीजल की कमी के चलते अब ट्रैक्टर मालिकों को मजबूरी में ब्लैक में भी डीजल खरीदना पड़ रहा है, जिससे खेती की लागत लगातार बढ़ती जा रही है। पहले जहां अकरस जुताई 800 से 1000 रुपये प्रति घंटा में हो जाती थी, वहीं अब इसकी कीमत बढ़कर 1200 से 1500 रुपये तक पहुंच गई है। इसका सीधा असर किसानों की आर्थिक स्थिति पर पड़ रहा है। आधुनिक कृषि व्यवस्था ट्रैक्टर पर निर्भर है। सरकार किसानों को आधुनिक कृषि अपनाने और उन्नत यंत्रों के उपयोग के लिए लगातार प्रेरित कर रही है।

## डीजल संकट से थमी खरीफ की तैयारी, अकरस जुताई के लिए किसान-ट्रैक्टर मालिक बेहाल

### तीन ट्रैक्टर होने के बाद भी काम ठप : जितेंद्र वर्मा, पड़कीडीह



पड़कीडीह निवासी किसान एवं ट्रैक्टर 28 एकड़ की खेती करने वाला किसान जितेंद्र वर्मा ने बताया कि उनके पास तीन ट्रैक्टर हैं और वे धान बुवाई, अकरस जुताई सहित कृषि कार्य करते हैं। लेकिन डीजल संकट के कारण ट्रैक्टर आधे दिन में ही बंद हो जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि एक ट्रैक्टर को प्रतिदिन 70 से 80 लीटर डीजल की आवश्यकता होती है, जबकि पंपों से मात्र 30 लीटर ही मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि खेतों से ट्रैक्टर लेकर पेट्रोल पंप तक आने-जाने में ही दो से ढाई घंटे का समय लग जाता है। ऊपर से लाइन में लगना पड़ता है। खेती का समय निकलता जा रहा है और किसान परेशान हैं।



### "डीजल के लिए दिनभर भटकना पड़ रहा" - पारस निर्मलकर, भोथाडीह



भोथाडीह निवासी पारस निर्मलकर ने बताया कि उनके पास 60 एचपी का 11 फाल वाला ट्रैक्टर है, जिसे प्रतिदिन लगभग 90 से 100 लीटर डीजल की आवश्यकता पड़ती है। लेकिन पंपों से 30 से 35 लीटर ही मिल रहा है। उन्होंने बताया कि "पहले हमारा ट्रैक्टर आसपास के कई गांवों सरकीपार साराह भालेसुर सेमराडीह जैसे में जुताई के लिए जाता था, लेकिन अब डीजल की कमी के कारण केवल गांव में ही काम कर पा रहे हैं। डीजल लेने के लिए 10 से 20 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है और आने-जाने में ही 10 लीटर डीजल खत्म हो जाता है।" उन्होंने यह भी बताया कि मजबूरी में कई बार ब्लैक में डीजल खरीदना पड़ रहा है। डीजल के लिए मुझे 10 से 20 किलोमीटर की दूरी तय करने होती है रावन हिरमी मोहरा और सुहेला में पेट्रोल पंप है जहां से मुझे डीजल खरीद कर लाना पडता है।

## खबर संक्षेप

### सीएम को बकरीद की छुट्टी 28 मई करने संबंधी ज्ञापन सौंपा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी के अध्यक्ष इदरीस गांधी ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को एक महत्वपूर्ण ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में केंद्र सरकार की तर्ज पर छत्तीसगढ़ राज्य में भी बकरीद (ईद-उल-अजहा) की शासकीय छुट्टी 27 मई के स्थान पर 28 मई 2026 गुरुवार को घोषित करने का अनुरोध किया गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि केंद्र सरकार ने चांद दिखने की प्रामाणिक स्थिति को देखते हुए बकरीद की आधिकारिक छुट्टी 28 मई को घोषित कर दी है। छत्तीसगढ़ राज्य में भी त्योहार चांद के दीदार के अनुसार ही मनाया जाता है, इसलिए राज्य के शासकीय कर्मचारियों और आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार को भी अवकाश तालिका में संशोधन करना चाहिए। मुख्यमंत्री से अनुरोध किया गया है कि छत्तीसगढ़ शासन बकरीद (ईद-उल-अजहा) का शासकीय अवकाश 27 मई के बजाय 28 मई 2026 को घोषित करें।

### कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग से मिला

**रायपुर।** कांग्रेस पार्टी के चुनाव संचालन कर रहे जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री नरेन्द्र जैन के खिलाफ आर्म एक्ट के तहत फर्जी एफआईआर कर चुनाव कार्य को प्रभावित करने का प्रयास स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। इसकी शिकायत को लेकर कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश चुनाव आयोग से मिला तथा ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि शिवनंदनपुर नगर पंचायत आम-निर्वाचन में भाजपा के नेता सत्ता का दुरुपयोग करते हुए राजनैतिक दबाव बनाकर कांग्रेस के चुनाव संचालन कर रहे कांग्रेस महामंत्री नरेन्द्र जैन के खिलाफ फर्जी एफआईआर कर चुनाव कार्य को प्रभावित करने का प्रयास स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। इसके विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में प्रकरण पर कार्यवाही हेतु सूरजपुर जिले के विश्रामपुर थाने का घेराव कर अनिश्चितकालिन धरने पर बैठे हैं।

### नए वन बल प्रमुख के लिए डीपीसी

**रायपुर।** प्रदेश में नए वन बल प्रमुख के लिए सोमवार को डीपीसी की बैठक हुई। वन बल प्रमुख वी. श्रीनिवास राव 31 मई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उनकी जगह नए वन बल प्रमुख के लिए डीपीसी हुई। मंत्रालय में हुई बैठक में मुख्य सचिव विकासशील, एसीएस मनोज पिंगुआ और केन्द्र सरकार के प्रतिनिधि के रूप में मध्यप्रदेश के वन बल प्रमुख शुभरंजन सेन शामिल थे। बताया गया कि तीन पीसीसीएफ अनिल साहू, कौशलेंद्र कुमार, और पीसीसीएफ (वाइल्ड लाइफ) अरूण पाण्डेय के नाम पर विचार किया गया। अरुण पाण्डेय और कौशलेंद्र कुमार के नाम का पैनल तैयार किया गया है, इस पर फैसला मुख्यमंत्री विष्णु देव साय करेंगे। श्रीनिवास राव के साथ 1989 बैच के पीसीसीएफ तपेश झा भी 31 मई को सेवानिवृत हो रहे हैं। वैसे वरिष्ठता क्रम में अनिल साहू सबसे आगे हैं, लेकिन वो जुलाई माह में सेवानिवृत हो रहे हैं। ऐसे में अरुण पाण्डेय के नाम पर मुहर लग सकती है। इसके अलावा एपीसीएफ ओपी यादव भी पीसीसीएफ के पद पर रिटायर होंगे। पदोन्नति के बाद जल्द ही पीसीसीएफ और एपीसीएफ स्तर के अफसरों के प्रभार बदले जा सकते हैं।

## पहले चरण में सभी संभागों के निकाय शामिल

# छत्तीसगढ़ में अब आदर्श शहर समृद्धि योजना पहले चरण में 32 शहरों का होगा कायाकल्प

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के शहरी बुनियादी ढांचे को आधुनिक और सुदृढ़ बनाने के लिए एक महत्वाकांक्षी पहल 'आदर्श शहर समृद्धि योजना' शुरू की है। इस योजना के पहले चरण के लिए राज्य के 32 नगरीय निकायों का चयन किया गया है। इनमें सभी संभागों के तहत आने वाले नगरीय निकाय शामिल है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, इस योजना का उद्देश्य शहरों में जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है।

योजना के तहत मुख्य रूप से इन कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। बुनियादी सुविधाएं- सड़क, ड्रेनेज, जलापूर्ति और परिवहन व्यवस्था को बेहतर बनाना। सामाजिक बुनियादी ढांचा-पार्क, आवास, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करना। स्मार्ट और सुरक्षित शहर- ई-गवर्नेंस, स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम, सुरक्षा प्रणाली और शिकायत निवारण तंत्र को लागू करना। सतत विकास- हरित क्षेत्रों का विकास, नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग और जल संरक्षण के कार्य करना।

### छोटे निकायों के नगरों की बदलेगी सूरत

### पहले चरण में शामिल शहर

*योजना के तहत चयनित 32 निकायों को पांचों संभागों में बांटा गया है। बस्तर संभाग (6 निकाय) सुकमा, भोपालपट्टनम, गीदम, केशकाल, पखांजूर, और नरहरपुर। दुर्ग संभाग (5 निकाय) पंडरिया, खैरागढ़, गुरूर, घुमका, और छुईखदान ।रायपुर संभाग (6 निकाय) कुरुद, महासमुंद, आरंग, बलौदाबाजार, पिथौरा, और चंदखुरी ।बिलासपुर संभाग (9 निकाय) तखतपुर, मुंगेली, लोरमी, जांजगीर-नैला, सक्ती, बिल्हा, घरघोड़ा, पुसौर, और सरिया। सरगुजा संभाग (6 निकाय) सूरजपुर, पत्थलगांव, मनेन्द्रगढ़, लखनपुर, कोतबा, और कुनकुरी । शासन की ओर से इस योजना को प्राथमिकता दी जा रही है, जिसका उद्देश्य भविष्य में इन शहरों को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाना है।*



**छोटे शहर भी होंगे बड़े शहरों की तरह सर्वसुविधायुक्तः साय**
इस संबंध में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि - हमारी सुशासन सरकार बड़े शहरों के साथ-साथ उभरते नगरों और कस्बों के संतुलित एवं समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। आदर्श शहर समृद्धि योजना के माध्यम से नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में अधोसंरचना, जन सुविधाओं और रोजगार के नए अवसरों को सुनियोजित ढंग से विकसित किया जाएगा। राज्य सरकार छोटे शहरों को भी बड़े शहरों की तरह सर्वसुविधायुक्त और आधुनिक बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है तथा यह योजना प्रदेश के शहरी विकास को नई गति और नई दिशा देने का काम करेगी।

**उपमुख्यमंत्री साव ने कही ये बात :** उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने कहा है कि - आदर्श शहर समृद्धि योजना राज्य के छोटे और मध्यम शहरों के व्यवस्थित विकास की महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना के माध्यम से सड़क, जलापूर्ति, ड्रेनेज, स्मार्ट सुविधाओं, हरित क्षेत्र और नागरिक सेवाओं को मजबूत किया जाएगा। कार्यों के चयन के लिए संभाग स्तरीय समितियों का गठन कर प्रक्रिया को पारदर्शी और परिणाम मुखी बनाया गया है तथा सरकार की प्राथमिकता प्रदेश के हर नगर में नागरिकों को बेहतर अधोसंरचना और गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

### 15 दिनों में मांगी गई कार्ययोजना

*योजना के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार ने प्रत्येक संभाग में एक उच्च-स्तरीय समिति का गठन किया है। इन समितियों में संयुक्त संचालक (अध्यक्ष), कार्यपालन अभियंता और सहायक अभियंता (सदस्य) के साथ-साथ संबंधित मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सदस्य-सचिव) शामिल होंगे। इन समितियों को ये निर्देश दिए गए हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, जैसे अध्यक्ष और पार्षदों से समन्वय स्थापित करना । शहरों की आवश्यकताओं के अनुरूप कार्यों का चयन करना और स्थल का निरीक्षण करना ।कार्य की प्राथमिकता तय कर, अनुमानित राशि के साथ सूची 15 दिनों के भीतर विभाग को सौंपना । इस पूरी प्रक्रिया के बेहतर समन्वय के लिए मुख्य अभियंता, संचालनालय यांत्रिकी प्रकोष्ठ' को नोडल अधिकारी बनाया गया है।*

# नगरीय निकायों में 240 एवं पंचायतों में 392 प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

■ मतदान की तैयारियां पूर्ण

राज्य में चल रहे नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम एवं उप निर्वाचन के लिए नामांकन पत्रों की जांच एवं नाम वापसी की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद अभ्यर्थियों की अंतिम सूची जारी कर दी गई है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सूचना के अनुसार नगरीय निकायों में कुल 240 तथा त्रि-स्तरीय पंचायतों में कुल 392 प्रत्याशी चुनावी मैदान पर हैं।

त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के अंतर्गत पंच पद के लिए कुल 1136 पद निर्धारित थे, जिनमें 385 पदों पर कोई नामांकन प्राप्त नहीं हुआ तथा 4 पदों पर नामांकन निरस्त किए गए। 640 पदों पर निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ है, जबकि शेष 107 पदों पर मतदान कराया जाएगा, जिनके लिए कुल 246 उम्मीदवार मैदान में हैं। सरपंच पद के लिए कुल 82 पदों में से 30 पदों पर नामांकन प्राप्त नहीं हुए तथा 3 नामांकन निरस्त हुए। 15 पदों पर निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ है और शेष 34 पदों पर मतदान होगा, जहां कुल 105 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं। इसी प्रकार जनपद सदस्य के 10 पदों पर सभी स्थानों पर सविरोध निर्वाचन होगा तथा इन पदों के लिए कुल 41 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

**निकायों में ईवीएम और पंचायतों में बैलेट बाक्स से चुनाव :** *छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग की सचिव शिखा राजपूत तिवारी ने जानकारी दी है कि नगरीय निकायों के चुनाव इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के माध्यम से तथा त्रि-स्तरीय पंचायतों के चुनाव मतपेटी के माध्यम से संपन्न कराए जाएंगे। मतदान मशीनों की प्रथम स्तरीय जांच 29 मई से प्रारंभ की जाएगी, जिसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।*

### जिला अध्यक्ष के 5 और पार्षद के 71 के लिए मतदान

नगरीय निकाय निर्वाचन के अंतर्गत पार्षद पद के कुल 71 स्थानों पर मतदान कराया जाएगा। इन पदों के लिए कुल 221 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। अध्यक्ष पद के 5 स्थानों पर भी निर्वाचन होगा, जिनके लिए कुल 19 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया है। इन पदों पर न तो कोई नामांकन निरस्त हुआ और न ही कोई निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ है।

# रामभद्राचार्य और संतों का अपमान जनता बर्दाश्त नहीं करेगी : भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार



भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत द्वारा चिरमिरी में चल रही जगद्गुरु रामभद्राचार्य की कथा और पूज्य संतों को लेकर दिए गए अमर्यादित बयान पर ऐतराज जताया है। आनंद यादव ने इसे महंत का 'सनातन विरोधी' और 'मानसिक दिवालियापन' से भरा बयान करार दिया है। भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव ने कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति और गांधी परिवार की गुलामी में अंधे होकर कांग्रेस नेता महंत ने अपनी मर्यादा खो दी है। करोड़ों हिंदुओं की आस्था के केंद्र, महान विद्वान जगद्गुरु रामभद्राचार्य और धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री सहित देश के प्रतिष्ठित संतों को 'फर्जी' कहना और उन्हें 'बाबा' कहकर अपमानित करना बेहद शर्मनाक और निंदनीय है। छत्तीसगढ़ की धर्मप्राण जनता संतों का यह अपमान कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। यादव ने नेता प्रतिपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि महंत अब कांग्रेस आलाकमान की नजरों में नंबर वन बनने की होड़ में शामिल हो गए हैं। राहुल गांधी, उदयनिधि स्टालिन और ममता बनर्जी जैसे घोर सनातन विरोधियों के नक्श-ए-कदम पर चलते हुए महंत भी अब उसी 'सनातन उन्मूलन' वाली गन्दी मानसिकता का हिस्सा बन चुके हैं। दिल्ली के आकाओं को खुश करने के लिए वे छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर संतों को गाली देने का पाप कर रहे हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष यादव ने महंत के कण-कण में भगवान वाले बयान पर तंज कसते हुए कहा कि जिन कांग्रेसियों को भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाते और रामलला के मंदिर के आमंत्रण को ठुकराते हुए लज्जा तक नहीं आई, आज वे सिर्फ अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए छद्म ज्ञान बांट रहे हैं।

# नगर के रसूखदारों पर प्रशासन मेहरबान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिमगा

नगर में प्रशासनिक अधिकारियों का रवईया सइयां भये कोतवाल तो डर काहे का वाली कहावत चरितार्थ कर रहा है। प्रशासन द्वारा छोटे मोटे व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर आये दिन कार्यवाही करते हुए परेशान किया जाता है, किन्तु नगर में एक ऐसा मेडिकल स्टोर है, जहां पर नशीली दवाई की बिक्री खेल खुले आम की जाती है। शिकायत पर जहां कई बार केवल दिखावे की कार्रवाई की जाती है। पर्याप्त नशीली प्रतिबंधित दवाईयों का जखीरा मिलने के बाद भी अधिकारियों का भरपुर सहयोग मिलना समझ से परे हैं। कुछ वर्ष पूर्व उक्त मेडिकल संचालक के घर पर छापा मार कार्यवाही करने पर लगभग 50 लाख से अधिक की डुप्लीकेट दवाईयां ड्रग विभाग द्वारा जब्त की गई थी, जिसकी कार्यवाही आज तक नहीं हुई है। वहीं उसी मेडिकल स्टोर में मार्च में ड्रग विभाग द्वारा जांच कार्रवाई के दौरान दवाई खरीदी बिक्री के रिकार्ड में अनियमितता पायी गयी। ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा लिखित में जवाब मांगा गया था, किंतु मेडिकल संचालक द्वारा जवाब नहीं दिया गया। मामले पर ड्रग इंस्पेक्टर नीरज साहू ने बताया कि मेडिकल स्टोर संचालक द्वारा जवाब नहीं दिए जाने के कारण 22 मई से पंद्रह दिनों के लिए मेडिकल स्टोर का लाइसेंस सस्पेंड किया गया है। वहीं दूसरे तरफ नगर में संचालित समृद्धि अस्पताल में एक माह पूर्व बिजली करंट लगने से एक युवक संजू बारले 27 वर्ष की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई थी। जिस पर सिमगा एसडीएम अतुल शेटे ने अस्पताल संचालक आर के सोनवानी को दो दिवस के अंदर अस्पताल का लाइसेंस एवं सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित कागजातों को कार्यालय में प्रस्तुत करने को कहा गया था, किंतु अस्पताल संचालक द्वारा कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। बावजूद इसके शानदार तरीके से अस्पताल का संचालन जारी है। वहीं सिमगा बीएमओ पारस पटेल ने बताया था कि समृद्धि अस्पताल का लाइसेंस ही नहीं है। जिसके बावजूद प्रशासनिक अधिकारी द्वारा किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई है जो कि आम आदमी के जिंदगी के साथ से खिलवाड़ है। नगर में एक ऐसा ढाबा भी है, जहां खुले आम प्रशासनिक एवं राजनीतिक लोग बैठकर चाय का लुत्फ उठाते हैं, जहां खुलेआम शराब बिकती है पर अधिकारी मेहरबान हैं।

# ई-चालान को लेकर अधिवक्ताओं ने कमिश्नर-डीजीपी से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

ई-चालान प्रणाली को लेकर जनता और वाहन चालकों के बीच खासा विरोध और नाराजगी देखने को मिल रही है। इसी कड़ी में रायपुर के अधिवक्ताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को रायपुर कमिश्नर व डीजीपी से शिकायत की है कि ई-चालान की प्रक्रिया में जो खामियां और त्रुटियां हैं, उसे सुधारा जाए, आम जनता खासी परेशान हो रही है और यदि संभव हो तो ई-चालान की राशि में भी कटौती की जाए। शिकायतकर्ता अधिवक्ता विवेक तनवानी ने बताया कि रायपुर शहर में गरीब, मध्यम वर्ग, मजदूर तबके के लोग और नौकरीपेशा रहते हैं, जिनकी आमदनी दस-बीस हजार रुपए महीने है। वे भला कैसे पांच-दस हजार रुपए के चालान भर सकेंगे? शासन को गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि ड्रिंक एंड ड्राइव जैसे मामलों में भी प्रशासन को सुधार की आवश्यकता है, जितनी भी शराब दुकानें, भट्ठियां और बार हैं, इनके बाहर एक सूचना बोर्ड लगाना अति आवश्यक है, जिसमें इस जानकारी का उल्लेख हो कि शराब पीकर वाहन चलाए जाने की जांच के बाद पाए जाने पर न्यूनतम 10 हजार का जुर्माना-दंड शासन द्वारा वसूला जाएगा।

# सेन उत्थान मंच की द्वितीय वार्षिक कार्यकारिणी बैठक में लिए गए कई निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पलारी



सेन संगवारी सामाजिक उत्थान मंच द्वारा द्वितीय वार्षिक कार्यकारिणी बैठक सह कार्ययोजना बैठक शनिवार को मायाराम सुरजन सभा कक्ष, राजबंधा मैदान रायपुर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पलारी अंचल के सामाजिक कार्यकर्ता सहित प्रदेशभर से आए पदाधिकारी, जिला संयोजक, कार्यकारिणी सदस्य एवं समाज प्रतिनिधियों की सक्रिय उपस्थिति रही।

बैठक का उद्देश्य आगामी सत्र 2026-27 के लिए समाज हित में व्यापक कार्ययोजना तैयार करना था। कार्यक्रम की शुरुआत समाज के वरिष्ठजनों के स्वागत एवं परिचय सत्र के साथ हुई। इसके पश्चात उपस्थित सदस्यों को सात अलग-अलग समूहों में विभाजित किया गया, जिनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, नशामुक्ति, वैवाहिक गतिविधि, सम्मान समारोह, रक्तदान एवं विधिक जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा कर कार्ययोजना तैयार की गई।

प्रत्येक समूह को अपने विषय से संबंधित वर्तमान परिस्थितियों, समाज की आवश्यकताओं एवं भविष्य की चुनौतियों पर चर्चा कर जिला स्तर एवं राज्य स्तर पर आगामी वर्ष के लिए ठोस कार्य निर्धारित करने का दायित्व दिया गया। सभी समूहों ने अपने सुझाव एवं योजनाएं प्रस्तुत कीं, जिनमें समाज के युवाओं को रोजगार से जोड़ना, विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक मार्गदर्शन, स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, नशामुक्ति अभियान, सामूहिक वैवाहिक गतिविधियों को बढ़ावा, नियमित रक्तदान शिविर एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने जैसे महत्वपूर्ण प्रस्ताव शामिल रहे। बैठक में समाज को संगठित एवं आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष बल दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय केवल रोजगार खोजने का नहीं बल्कि स्व-रोजगार एवं सामाजिक सहयोग के माध्यम से समाज को मजबूत बनाने का है। समापन समारोह में उप संचालक जन सम्पर्क विभाग राजेश श्रीवास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में डीएसपी ओम प्रकाश सेन, मुलेश्वर श्रीवास, बसंत श्रीवास एवं विजय सेन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता परमानंद सेन ने की।

## पेज 13 के शेष

### देवपुर जंगल में बर्डिंग...

आकर्षक बनाता है। इस तरह के वन्यजीव अवलोकन न केवल क्षेत्र की जैव विविधता को समझने में सहायक होते हैं, बल्कि प्रकृति प्रेमियों, युवाओं और बच्चों में वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता भी बढ़ाते हैं। देवपुर समर कैंप के दौरान इस तरह की दुर्लभ प्रजाति का दिखाई देना बच्चों और प्रतिभागियों के लिए भी एक विशेष अनुभव रहा। इस संबंध में वनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार धम्मशील गणवीर ने कहा कि बारनवापारा अभ्यारण्य एवं इसके आसपास के वन क्षेत्र जैव विविधता की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के वन्यजीव अवलोकन हमें यह समझने का अवसर देते हैं कि हमारे जंगल कितने महत्वपूर्ण हैं और इनके संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं।

### डीजल की किल्लत से...

लोग प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं। वहीं कुछ लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कुछ पेट्रोल पंपों में रात के अंधेरों में कर्मचारियों द्वारा 1000 रूपये का डीजल पेट्रोल लेने पर 100 रूपये अतिरिक्त ले रहे हैं। खेती किसानी के महत्वपूर्ण समय में डीजल की बढ़ी मांग ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। हमारे इस प्रतिनिधि ने मंगलवार को लाहोद स्थित पेट्रोल पंप का दौरा किया, जहां स्थित बेकाबू दिखी। पेट्रोल पंप के पास 50 से अधिक ट्रैक्टरो की लंबी लाइने लगी थी। पिकअप कार चालक ट्रक चालक भी घंटों से अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। कई ट्रैक्टर चालक सड़क किनारे बैठकर अपने नंबर का इंतजार करते नजर आए। लच्छनपुर निवासी तिलक राम रजक ने बताया कि तेज धूप और उमस के बीच घंटों लाइन में खड़े रहने के बावजूद 1500 रूपये का डीजल मिला। ऐसे में 500 रूपये का डीजल तो गांव पहुंचने में ही खर्च हो जाता है। आखिर अब करें तो करे क्या। मुंडा के मोरजध्वज वर्मा ने डीजल की किल्लत पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि खेत की जुताई करनी है और धान की तैयारी चल रही है लेकिन डीजल पर्याप्त मात्रा में नहीं मिलने से अकरस जुताई खेती कार्य पूरी तरह प्रभावित हो जाएगी।

### अलग-अलग स्थानों...

मसाला का बाजार मूल्य 3,000 होना पाया गया। आरोपी कमल नारायण के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) 59(क) का प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया।

### खेती रकबा अनुसार...

एसएसपी 3 बोरी, म्यूरेट ऑफ पोटाश 1 बोरी, 1से 2 एकड़ के किसान को यूरिया 4 बोरी, एसएसपी 6 बोरी, म्यूरेट ऑफ पोटाश 1 बोरी, 2 से 3 एकड़ के किसान को यूरिया 6 बोरी, एसएसपी 9 बोरी, म्यूरेट ऑफ पोटाश 2 बोरी,3 से 4 एकड़ के किसान को यूरिया 8 बोरी, एसएसपी 12 बोरी, म्यूरेट ऑफ पोटाश 2 बोरी, 4 से 5 एकड़ के किसान को यूरिया 10 बोरी, एसएसपी 15 बोरी, म्यूरेट ऑफ पोटाश 3 बोरी वितरण किया जायेगा। उर्वरक समूह तीन अंतर्गत 0से 1 एकड़ वाले किसान को यूरिया 2 बोरी, एनपीके 2 बोरी, 1से 2 एकड़ के किसान को यूरिया 4 बोरी, एनपीके 3 बोरी, 2से 3 एकड़ के किसान को यूरिया 6 बोरी, एनपीके 5 बोरी, 3से 4 एकड़ के किसान को यूरिया 8 बोरी, एनपीके 6 बोरी, म्यूरेट ऑफ पोटाश 1 बोरी, 4से 5 एकड़ के किसान को यूरिया 10 बोरी, एनपीके 8 बोरी, म्यूरेट ऑफ पोटाश 1 बोरी वितरण किया जायेगा। उर्वरक समूह-चार अंतर्गत 0से 1 एकड़ वाले किसान को यूरिया 2 बोरी, टीएसपी 1 बोरी, म्यूरेट ऑफ पोटाश 1 बोरी, 1 से 2 एकड़ के किसान को यूरिया 4 बोरी, टीएसपी 2 बोरी, म्यूरेट ऑफ पोटाश 1 बोरी, 2से 3 एकड़ के किसान को यूरिया 6 बोरी, टीएसपी 3 बोरी, म्यूरेट ऑफ पोटाश 2 बोरी, 3से 4 एकड़ के किसान को यूरिया 8 बोरी, टीएसपी 2 बोरी, म्यूरेट ऑफ पोटाश 1 बोरी, 4 से 5 एकड़ के किसान को यूरिया 10 बोरी, टीएसपी 5 बोरी, म्यूरेट ऑफ पोटाश 3 बोरी वितरण किया जायेगा।

### 1 एकड़ के किसान को...

की जायेगी, अन्यथा की स्थिति में नैनो यूरिया के रूप में प्रदाय की जायेगी। डीएपी की शेष 40 प्रतिशत मात्रा अन्य वैकल्पिक एनपीके उर्वरकों अथवा नैनो डीएपी के माध्यम से दी जायेगी। किसी भी परिस्थिति में नैनो उर्वरक लेने के लिए कृषकों का बाध्य नहीं किया जायेगा, पूर्णतः वैकल्पिक होगा।

### 6 खाद दुकानों का...

थवाईत, बी.टी.एम. एवं जुगेश्वर पटेल, वाहन चालक उपस्थित रहे। इन्होने विकासखण्ड बिलाईगढ़ अंतर्गत मेसर्स आनंद ट्रेडर्स सरसींवा, प्रकाश ट्रेडर्स पेण्ड्रावन, धनलक्ष्मी ट्रेडर्स जोरापाली, प्रमोद कृषि केन्द्र, राहुल हार्डवेयर भटगांव, पुष्पराज केशरवानी भटगांव, मेलाराम कृषि केन्द्र दुमुहानी एवं विकासखण्ड सारंगढ़ अंतर्गत मेसर्स सेवा सहकारी समिति कोसीर, साहू कृषि केन्द्र मल्दा अ, गीता ट्रेडर्स अण्डोला, चन्द्रा कृषि केन्द्र जशपुर, दिलीप ट्रेडर्स हरदी का निरीक्षण किया गया।

## खबर संक्षेप

### झीरम की घटना लोकतंत्र पर है प्रहार



**सिमगा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिमगा द्वारा आज कांग्रेस कार्यालय में झीरम घाटी नक्सली हमले में शहीद हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी ने कहा कि झीरम घाटी की घटना छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि पूरे देश की राजनीति और लोकतंत्र पर प्रहार है। इस नृशंस हमले में प्रदेश कांग्रेस के कई बड़े नेताओं सहित सुरक्षाबलों के जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी ,जिनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। शहीदों ने लोकतंत्र और जनसेवा की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर किए थे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रिंकू भाटिया ने कहा कि हमारे नेताओं ने अपना बलिदान देकर जो आहुति दी है उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनके उन संघर्ष, त्याग और जनता के प्रति समर्पण की भावना कांग्रेस कार्यकर्ताओं को प्रेरणा देती है। उनके योगदान को आने वाली पीढ़ियां भी सम्मान के साथ याद करेंगी कार्यक्रम का माहौल पूरी तरह भावुक रहा और उपस्थित कार्यकर्ताओं ने शहीद अमर रहें के नारों के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की। उक्त कार्यक्रम में पूर्व पालिका अध्यक्ष भागवत सोनकर, पूर्व पार्षद राहुल शर्मा, कान्हा यदु, लखन देवांगन, मंडल अध्यक्ष अशोक देवांगन, जिला कांग्रेस महामंत्री राजा तिवारी, पार्षद परदेसी सोनकर, विक्की मानिकपुरी, यश शर्मा, विक्की पाण्डे, ढ़ेलू साहू, डॉ राजेश जैन, मोहन यदु, हेमदास कोसले एवं अधिक संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### अतिथि व्याख्याताओं ने एकमुश्त सैलरी देने उच्च शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**पलारी।** छत्तीसगढ़ के महाविद्यालयों में कार्यरत अतिथि व्याख्याताओं ने टंकराम वर्मा उच्च शिक्षा मंत्री एवं उनके निज सचिव डॉ. तिवारी को अपनी मांगों में कालखण्ड आधारित व्यवस्था को समाप्त कर एकमुश्त मासिक सैलरी देने की मांग की है। ज्ञात हो कि अतिथि व्याख्याताओं की वर्तमान सैलरी कालखण्ड आधारित होती है, जिसमें अधिकतर अतिथि व्याख्याताओं की 4 कालखण्ड नहीं बन पाती और प्रमुख त्यौहार दीवाली, होली, दशहरा एवं छुट्टियों में उनकी सैलरी कट जाती है, जिससे उन्हें 50 हजार से भी बहुत कम सैलरी मिल पाती है। इन छुट्टियों का इन्हें सीधा-सीधा नुकसान होता है। असिस्टेंट प्रोफेसर्स की बेसिक सैलरी भी 57700 ही होती है, तो कम से कम अतिथि व्याख्याताओं का वेतन 57,700 रुपये एकमुश्त हो, जिससे कालखण्ड आधारित व्यवस्था समाप्त हो और अगले शिक्षा सत्र 2026-27 एकमुश्त वेतन दिया जाए।इस दौरान महाविद्यालयीन अतिथि व्याख्याता संघ के अध्यक्ष डॉ. लव कुमार वर्मा, सचिव डॉ. कमलेश देशमुख व सभी संभाग पदाधिकारी, व्याख्याता उपस्थित थे।

**।। आम सूचना ।।**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार एम.ए. फूड प्रोडक्ट्स द्वारा पार्टनर श्री जयेश सचदेव आत्मज श्री अजय सचदेव निवासी रूपरेला गली रमण मंदिर वार्ड रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. पिन नं. 492001 के द्वारा ग्राम चंदेरी प.ह.नं. 12 राजस्व निरीक्षक मंडल सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. की निम्न भू-स्वामी से उनकी हक स्वामित्व व अधिपत्य की भूमि क्रय कर पंजीकृत विक्रय विलेख का निष्पादन किया जाने वाला है-

1. भू-स्वामी - भूपत साहू पिता श्री बिसौहा साहू निवासी चंदेरी तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. पिन नं. 493101 खसरा नं. 517 रकबा 0.090 हे.

अतः किसी भी व्यक्ति, निगम, वित्तीय, अर्धशासकीय, शासकीय संस्था को उपरोक्त भूमि के स्वत्व एवं अधिपत्य के संबंध में कोई भी दावा या आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित या मोबाईल नं. 9301307152, 8770903083 पर सूचना देकर आपत्ति पन्द्रह दिवस के भीतर प्रस्तुत करे पन्द्रह दिवस के पश्चात की गई कोई भी दावा आपत्ति मेरे पक्षकार के ऊपर बंधनकारी नहीं होगा तथा अवैध व शून्य माना जावेगा। सो सूचना जाने
स्थानः सिमगा
दिनांकः 23.05.2026

**सूरज कुमार गुप्ता, अधिवक्ता**
**ऑफिस - उप पंजीयक कार्यालय परिसर सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग.**
**पिन नं. 493101**
**मो. नं. 9301307152, 8770903083**

# कलेक्टर शर्मा ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

**विकासखंड मुख्यालय से भी ऑनलाइन जुड़े ग्रामीण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में लोगों की समस्यायें गंभीरता एवं संवेदनशीलतापूर्वक सुनी और सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिये। पिछले सप्ताह की भांति इस सप्ताह भी विभिन्न विकासखंड मुख्यालय से ग्रामीण ऑनलाइन जुड़कर अपनी समस्या रखे। कलेक्टर श्री शर्मा ने विकासखण्ड सिमगा के जनपद कार्यालय से ऑनलाइन जुड़े ग्राम लिमतरा निवासी रामचंद्र के आवेदन की सुनवाई करते हुए उसके निराकरण के लिये जिला अंत्यावसायी अधिकारी को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिये। रामचंद्र पिता समारु राम ने अपने आवेदन में बताया कि वर्ष 2017-18 में शिवकुमार टंडन पिता सोमनाथ टंडन निवासी ग्राम लिमतरा ने जिला अंत्याव्यवसायी सहकारी विकास समिति बलौदाबाजार से ट्रैक्टर के लिए ऋण प्राप्त किया था। शिवकुमार टंडन ने बिना अनुमति के उक्त ऋण में रामचंद्र को जमानतदार बनाया है। जमानत हेतु किसी भी दस्तावेज में कोई हस्ताक्षर नहीं किया गया है। अब हितग्राही द्वारा ऋण राशि नहीं चुकाने पर बैंक द्वारा जमानतदार को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। इसी तरह कई ग्रामीणों ने पीएम आवास, महतारी वंदन, पेंशन, राशन कार्ड एवं राजस्व सम्बंधित समस्याओं को लेकर आवेदन प्रस्तुत किये।

## पार्षदों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, ब्लैक में सिलेंडर बेचने की शिकायत की

# निजी गैस एजेंसी के संचालक की मनमानी का विरोध





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर क्षेत्र में गैस सिलेंडर एजेंसी द्वारा जनमानस को मांग के अनुरूप गैस सिलेंडर वितरण में अनियमितता की शिकायत को लेकर नगर के पार्षद गणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर नगर वासियों को तत्काल सिलेंडर उपलब्ध कराए जाने की मांग की। सौंपे गए ज्ञापन की प्रति पुलिस अधीक्षक जिला बलौदाबाजार, नगर पालिका अध्यक्ष, सहित अनुविभागीय अधिकारी, एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को भी ज्ञापन की प्रति प्रदान की गई।

नगर पालिका के पार्षदों ने हस्ताक्षर युक्त पत्र तैयार कर की गई शिकायत में उल्लेख किया गया है कि नगर में निजी बमलेश्वरी गैस एजेंसी का इण्डेन गैस के वितरण में भारी अनियमितता की जा रही है, उपभोक्ताओं द्वारा 10-15 दिनों से सिलेंडर की पर्ची कटाये जाने के बाद भी सिलेंडर उपलब्ध नहीं किए जाने की शिकायत की गई है, व साथ ही अधिक राशि लेकर ब्लैक में सिलेंडर दिए जाने का व आम उपभोक्ताओं को हो रही है असुविधा व जनता में आक्रोश व्याप्त का उल्लेख किया गया है। ज्ञापन में तीन दिवस के भीतर व्यवस्था को दुरुस्त कर गैस उपभोक्ताओं को नियमित सिलेंडर प्रदाय किए जाने की मांग की गई है अन्यथा की स्थिति में किए जाने वाली कार्यवाही के लिए संपूर्ण जवाबदारी प्रशासन की होगी,इस संबंध में शिकायत करने वाले पार्षदों में ज्ञापन दिया जिसमें नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र माहले, पार्षद अमितेष नेताम, रोहित साहू, जितेंद्र डड़सेना, लोकेश कुमार चेलक, शेखर गुप्ता, सलमान शेख- नेता प्रतिपक्ष, सुरेश घृतलहरे, पार्षद प्रतिनिधि शशि भूषण शुक्ला, सुभाष राव, मनीष वर्मा, रविंद्र नामदेव, रवि फेकर, व दीपक नेगी सोहेल खान ओमप्रकाश वर्मा शामिल थे।

## बकरीद पर्व शांति और सौहार्दपूर्ण मनाने शांति समिति बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ बैठकों में जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ एवं गणमान्य नागरिकों एवं विभिन्न समुदायों के लोगों की उपस्थिति रही

ईद उल जुहा (बकरीद) पर्व 28 मई को शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु जिले के थाना सिमगा, भाटापारा ग्रामीण एवं पलारी में जनप्रतिनिधियों, समाज प्रमुखों एवं वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान आगामी पर्व को आपसी भाईचारे, शांति एवं सद्भाव के साथ मनाने की अपील की गई। साथ ही कानून व्यवस्था बनाए रखने, अफवाहों से दूर रहने तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक एवं आपत्तिजनक पोस्ट साझा न करने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस दौरान पुलिस अधिकारियों द्वारा आमजनों से अपील की गई कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा असामाजिक तत्वों की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। बैठक में यातायात व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध एवं पर्व के दौरान आवश्यक सतर्कता बरतने पर भी चर्चा की गई। जिला पुलिस द्वारा स्पष्ट किया गया कि पर्व के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा तथा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी। बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस आपकी सुरक्षा एवं सेवा में सदैव तत्पर।

## बिजली कटौती के विरोध में कांग्रेस ने घेरा अधीक्षण अभियंता कार्यालय, जल्द समाधान की मांग



**बलौदाबाजार।** नगर में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती एवं विभिन्न वार्डों में व्याप्त बिजली संबंधी समस्याओं को लेकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की शहर कांग्रेस कमेटी ने मंगलवार को अधीक्षण अभियंता से मुलाकात कर आम जनता की समस्याओं से अवगत कराया। शहर कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष प्रवीण सेन के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग करते हुए जल्द समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

प्रतिनिधिमंडल में शहर के कांग्रेस पार्षद एवं पदाधिकारी शामिल रहे। कांग्रेसजनों ने बताया कि लगातार हो रही बिजली कटौती से आम नागरिकों, व्यापारियों, छात्रों एवं किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं कई वार्डों में लो-वोल्टेज, ट्रांसफार्मर खराब होने, जर्जर तारों तथा बार-बार बिजली बाधित होने जैसी समस्याएं बनी हुई हैं।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सेन ने अधीक्षण अभियंता से मांग करते हुए कहा कि नगर में अघोषित बिजली कटौती पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा सभी वार्डों में बिजली संबंधी समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी जनहित में आंदोलन एवं घेराव करने के लिए बाध्य होगी।

अधीक्षण अभियंता ने प्रतिनिधिमंडल को समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। इस दौरान कांग्रेस के महामंत्री नीरज बांधे, पार्षद सुभाष राव, सलमान शेख, मनीष वर्मा, गोविन्द पात्रे, अजय भारती, सुरेश धृतलहरे, सोहेल बारकती, नईम खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दिव्यांगों को मिला ट्राइसिकल और व्हीलचेयर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़



■ दिव्यांग हितग्राहियों को मिली राहत

कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जनदर्शन आयोजित कर आमजनों की समस्याएं, मांग एवं शिकायतें सुनीं। इसमें सारंगढ़ नगरपालिका क्षेत्र में पेयजल समस्या एवं गन्दा पानी मिलने की शिकायत को लेकर प्राप्त हुए। इसके अलावा बिजली समस्या, प्रधानमंत्री आवास की मांग, ग्राम पंचायतों से जुड़ी शिकायतों सहित अन्य समस्याओं के संबंध में भी आवेदन दिए, जिस पर कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई एवं शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

ग्राम चुरेला निवासी 80 प्रतिशत दिव्यांग अरुण कुमार भारती ने चलने-फिरने में हो रही परेशानी को देखते हुए ट्राईसाइकिल की मांग को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने समाज कल्याण विभाग को तत्काल परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। परीक्षण उपरांत अरुण कुमार भारती को कलेक्टर के हाथों ट्राईसाइकिल वितरित की गई। ट्राईसाइकिल मिलने पर अरुण कुमार ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं कलेक्टर के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं जाटियापाली निवासी 75 प्रतिशत दिव्यांग चक्रधर गुप्ता द्वारा जनदर्शन में व्हीलचेयर हेतु आवेदन दिया गया था। कलेक्टर के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग द्वारा उन्हें व्हीलचेयर प्रदान की गई। सहायता सामग्री मिलने पर हितग्राहियों ने खुशी जाहिर करते हुए जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया।

## उप मुख्यमंत्री साव ने सिंहासन पाठ- जमनैया नाला में उच्च स्तरीय पुल निर्माण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



साहू समाज के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार साहू द्वारा क्षेत्रवासियों की समस्या को देखते हुए सिंहासन पाठ जमनैया नाला में उच्च स्तरीय पुल निर्माण की मांग उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव के समक्ष रखी गई थी। जिस पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने गंभीरता दिखाते हुए लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण को अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। ज्ञात हो कि बरसात के दिनों में जमनैया नाला में जलस्तर बढ़ जाने से क्षेत्र का संपर्क प्रभावित हो जाता है, जिससे ग्रामीणों, किसानों, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उच्च स्तरीय पुल निर्माण होने से क्षेत्रवासियों को वर्षभर सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सकेगी। इस पहल पर क्षेत्र के लोगों ने खुशी जताते हुए उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं साहू समाज के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार साहू के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## रेतभरे दो ट्रैक्टर जब्त, प्रशासन की टीम ने रैम्प किया ध्वस्त



**बलौदाबाजार।** अवैध रेत परिवहन एवं उत्खनन पर जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर रविवार को खनिज विभाग की टीम द्वारा 2 रेत से भरे ट्रैक्टर को जब्त किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खनिज निरीक्षक द्वारा रविवार को ग्राम सरखोर तहसील लवन स्थित शिवनाथ नदी का जांच की गई। जांच के दौरान 1 ट्रैक्टर ट्राली सहित और एक ट्राली जिसका क्रमांक क्रमशः सीजी 22 -9371 एवं सीजी 22 - 9957 द्वारा खनिज रेत का अवैध उत्खनन करते पाया गया। दोनों वाहनों में खनिज रेतमय थे। उत्खननकर्ताओं के पास वैध खनिज अनुमति दस्तावेज, अभिवहन परिपत्र नही होने की दशा में खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा-21 (4) सहपठित छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 के नियम-71 एवं छत्तीसगढ़ खनिज (खनन, परिवहन तथा भंडारण) नियम, 2009 के नियम-4 (3) के तहत जब्त कर थाना लवन में सुरक्षार्थ सुपुर्द किया गया। अवैध उत्खनन का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया एवं रेत के अवैध उत्खनन को बंद करने के दृष्टिगत वाहन के नदी पहुंच मार्ग (रेम्प) को जेसीबी से काटकर अवरूद्ध किया गया।

## ग्रामीण को घर में घुसकर की मारपीट : चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



क्षेत्र के ग्राम कैथी में शासकीय कार्य में अनियमितता की शिकायत करने पर एक ग्रामीण के साथ घर में घुसकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है। भाटापारा ग्रामीण थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महिला आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित उसके परिवार के 4 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार ग्राम कैथी निवासी प्रार्थी सुरेश आडिल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 21 मई को शाम करीब 5.30 बजे गांव में नाली निर्माण के भूमि पूजन का कार्यक्रम चल रहा था। इस दौरान सुरेश आडिल ने गांव की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ईश्वरी आनंद द्वारा आंगनबाड़ी संचालन में की जा रही अनियमितताओं को लेकर शिकायत की थी।

इस शिकायत से नाराज होकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और उसके परिजनों ने रंजिश पाल ली। उसी रात लगभग 7.30 बजे आरोपिया अपने परिवार के सदस्यों के साथ लाठी-डंडे लेकर सुरेश आडिल के घर में जबरन घुस गई। आरोपियों ने प्रार्थी के साथ अश्लील गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और लकड़ी के बल्ली व लात-मुक्कों से उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी।

रिपोर्ट पर भाटापारा ग्रामीण थाना पुलिस ने अलग-अलग धाराओं के तहत अपराध दर्ज करते हुए संतु राम आनंद50 वर्ष, ईश्वरी बाई आनंद 48 वर्ष, कमल आनंद 22 वर्ष और कल्याण आनंद 18 वर्ष को गिरफ्तार किया। सभी आरोपी ग्राम कैथी, थाना भाटापारा ग्रामीण के निवासी हैं।

## पेंशनर समाज की मासिक बैठक नगर में हुई



**खरोरा।** पेंशन समाज की मासिक बैठक नगर के स्कूल में हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रमाकांत कैवर्त्य से.नि. तहसीलदार एवं अध्यक्ष सीताराम यादव से.नि. व्याख्याता तथा कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि रविन्द्र काले से.नि. नायब तहसीलदार रहे। माह मई में नए सदस्य ग्रहण करने वाले मानसिंग यादव बुड़ेरा, महेन्द्र कुमार साहू से.नि. व्याख्याता का हार एवं गमछा, श्रीफल द्वारा सम्मान किया गया। साथ ही साथ माह अप्रैल एवं मई में जन्म लेने वाले सदस्य भागवत राम वर्मा, सूरज रतन सिन्हा, चन्द्रभूषण धुरंधर, जामबाई निषाद, राजेन्द्र चन्द्राकर, महेश कुमार वर्मा एवं भूपेन्द्र नायक का श्रीफल, हार, गमछा से अतिथियों द्वारा स्वागत किया गया। स्थानीय ईकाई द्वारा समाज के प्रांताध्यक्ष चेतन भारती (कवि) को 3 प्रतिशत, डी.ए. तथा 27 एवं 35 माह का एरियर्स राशि न्यायालयीन प्रक्रिया द्वारा शासन का आदेश होने पर बधाई दी गई।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### नीट पेपर लीक से युवाओं का भविष्य अंधकारमय सरकार केवल इवेंट और प्रचार में व्यस्त

**भाटापारा।** विधायक प्रतिनिधि शादाब जालियावाला ने केंद्र सरकार की नीतियों और कार्यप्रणाली पर आरोप लगाया है कि देश का युवा आज बेरोजगारी, महंगाई और पेपर लीक जैसी समस्याओं से टूट रहा है, जबकि सत्ता में बैठे लोग अपनी छवि चमकाने में व्यस्त हैं।



जालियावाला ने नीट 6 परीक्षा में हुई धांधली को युवाओं के साथ एक बड़ा विश्वासघात करार दिया। उन्होंने कहा कि एक ओर देश के 22 लाख से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा की विसंगतियों के कारण मानसिक प्रताड़ना झेल रहे हैं और कई छात्र आत्महत्या जैसे चरम कदम उठाने को मजबूर हुए हैं, वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन गंभीर मुद्दों से बेखबर विदेश दौरों और प्रचार में व्यस्त हैं। शादाब ने प्रधानमंत्री के हालिया इटली दौरे का उल्लेख करते हुए कटाक्ष किया कि जहाँ देश का युवा अपना भविष्य सुरक्षित करने के लिए सड़कों पर संघर्ष कर रहा है, वहीं प्रधानमंत्री इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी को 'मेलोडी' चॉकलेट भेंट करने जैसे इवेंट्स और फोटो-सेशन में व्यस्त हैं। उन्होंने इसे सत्ता का गैर-जिम्मेदाराना रवैया बताया। पेट्रोल-डीजल की बेलगाम कीमतों ने आम आदमी का बजट बिगाड़ दिया है। साथ ही, भारतीय रुपये का लगातार कमजोर होना देश की गिरती आर्थिक साख को दर्शाता है। सरकार छात्रों की समस्याओं का समाधान निकालने के बजाय केवल इवेंट मैनेजमेंट में लगी है।

### नौतपा में दोपहर बाद सड़क हो रही सुनसान



**गोपालपुर।** 25 मई से नौतपा प्रारंभ हो गया है। इस कारण सूर्य के रोशनी पृथ्वी पर अधिक पड़ने के कारण धूप अधिक लग रही है और लोगों को गर्मी धूप असहनीय हो रहा है, यहां तक लोगों ने 10-11 बजे अपने अपने घर में चले जाते हैं। अभी के समय में पंखा कूलर गर्मी को कम नहीं कर पा रहा है। दोपहर के समय सड़क एकदम सुनसान हो जाती है। अभी के समय में बहुत कम लोग घर से बाहर निकल रहे हैं घर के अन्दर रहना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। गर्मी के चलते धरातल के सभी जीव जन्तु परेशान है। सभी लोग पानी एवं छाया के तलाश में इधर उधर भटक रहे हैं।

### एसकेडीवी मिशन की तहसील स्तरीय बैठक सिमगा में



**सिमगा।** कबीरपंथ के 16 वे वंशाआचार्य उदित मुनि नाम साहब द्वारा स्थापित सदगुरु कबीर धर्मदास वंशावली मिशन एसकेडीवी मिशन तहसील सिमगा के तत्वावधान में तहसील स्तरीय बैठक साहू भवन हथबंद में हुई। इसमें मुख्य रूप से जिला प्रतिनिधि कुशल साहू, जिला सलाहकार महंत मोहितदास साहब, जिला सह प्रतिनिधि अनिल कुमार साहू, जिला युवा प्रतिनिधि कैलाश वर्मा, जिला परोपकारी प्रतिनिधि जितेंद्र साहू, जिला महिला प्रतिनिधि पुनेश्वरी साहू, जिला महिला सह प्रतिनिधि कीर्ति साहू, तहसील प्रतिनिधि भाटापारा संतोष साहू सहित समस्त तहसील सिमगा के प्रतिनिधि एवं अनेक गांवों से ग्रामीण प्रतिनिधिगण उपस्थित हुए। जिसमें मुख्य रूप से 9 जून को कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा में होने वाले वर्कशॉप में सभी प्रतिनिधियों की उपस्थिति, आईडी कार्ड वितरण आगामी नवोदय यात्रा की तैयारी के लिए निर्देश दिया गया। समस्त कबीर पंथियों की सर्वे की समीक्षा एवं प्रत्येक गांव में सदगुरु कबीर प्रकट उत्सव मनाने हेतु प्रेरित किया गया। तहसील सह प्रतिनिधि टीकाराम निर्मलकर एवं धर्मेंद्र कुमार साहू, युवा सह अभिलाष वर्मा एवं गणेश प्रसाद, महिला सह प्रतिनिधि खिलेश्वरी साहू, तहसील परोपकारी रूपराम साहू एवं हिरावन साहू को चयनित किया गया।

# मवेशी बाजार और मंडी रोड में पुलिस सहायता केंद्र खोलने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत पुराना मवेशी बाजार व सब्जी मंडी क्षेत्र में अक्सर होने वाले लूटपाट की घटना को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन द्वारा इस व्यावसायिक क्षेत्र में पुलिस चौकी, पुलिस सहायता केंद्र खोले जाने संबंधी मांग पत्र कैबिनेट मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक टंकराम वर्मा सहित कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को सौंपा। जन सुरक्षा की दृष्टिकोण से मांग को जायज बताते हुए चर्चा अनुरूप मंत्री टंकराम वर्मा ने शीघ्र मांग को पूर्ण किये जाने की बात कही। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि पुराना मवेशी बाजार एवं सब्जी मंडी क्षेत्र में बाजार का प्रमुख व्यावसायिक प्रतिष्ठान स्थापित है।

## मंत्री टंकराम वर्मा सहित कलेक्टर व एसपी से नगर पालिका अध्यक्ष ने की मांग



### व्यवसायिक इलाकों में पेट्रोलिंग गाड़ी आवश्यक

*इस संबंध में नगर पालिका के सभापति एवं पार्षदगणों ने भी शांति व्यवस्था की दृष्टिकोण से पुलिस चौकी की मांग पर अपनी सहमति देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन की मांग का समर्थन किया है, नगर पालिका नगर वासियों की हितों के अनुरूप व्यवसायिक इलाकों में पेट्रोलिंग गाड़ी भी आवश्यक है, व सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन की निगरानी होते रहना आवश्यक बताया गया।*

साथ ही इस इलाके में सुबह से शाम तक खरीदारी करने वाले लोगों का आवागमन रहता है, जहां समय-समय पर शराब अन्य नशा किये लोगों के द्वारा लूटपाट एवं चोरी की जाती है। साथ ही शराब की बिक्री भी की जाती है, किसी के कुछ कहने पर मारपीट कर दहशत फैलाने की कोशिश आम बात है, गांव व शहर के नागरिकों से लूटपाट एवं दबाव पूर्वक रुपयों की लूट सामानों की लूट व सामान वह गाड़ी चोरी जैसी घटना आम रूप से होते रहती है। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने उक्त बाजार क्षेत्र में अवैध धंधों के रोकथाम व अपराधों में अंकुश लगाए जाने के लिए मवेशी बाजार एवं मंडी रोड क्षेत्र में पुलिस चौकी पुलिस सहायता केंद्र खोले जाने की मांग हेतु चर्चा की।

## सुशासन तिहार : अंतिम चरण में रामसागर वार्ड में लगा शिविर

# जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर रहा विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

छत्तीसगढ़ शासन के सुशासन तिहार के अंतिम एवं निर्णायक चरण के अंतर्गत नगर के रामसागर वार्ड में एक विशेष जनसंपर्क शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के नेतृत्व में जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ नागरिक, महिलाएं एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।



शिविर में आमजन से आत्मीय एवं खुले वातावरण में संवाद स्थापित किया गया। नागरिकों ने अपने क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं सड़क, जल आपूर्ति, स्वच्छता, जल निकासी तथा सार्वजनिक अधोसंरचना से संबंधित समस्याएं खुलकर रखीं। प्रत्येक आवेदन एवं सुझाव को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

शिविर में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा एवं स्वरोजगार की विस्तृत जानकारी नागरिकों को उपलब्ध कराई गई। पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर विशेष बल दिया गया।

सुशासन तिहार का उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक भी शासन की योजनाओं का लाभ एवं विकास की सुविधाएं सहजता से पहुंचें।

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा सुशासन तिहार शासन और जनता के बीच संवाद को मजबूत करने का एक अत्यंत प्रभावी एवं सार्थक माध्यम है। जनता की समस्याओं का समाधान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें कोई समझौता नहीं होगा। आज रामसागर वार्ड के नागरिकों ने जो समस्याएं एवं सुझाव रखे हैं, उन पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

शिविर का समापन भविष्य में भी इसी प्रकार निरंतर जनसंपर्क एवं जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता के संकल्प के साथ हुआ। इस अवसर पर सभापति गोविंद पटेल, कुंजराम कोशले, मनीष मिश्रा, पार्षद चन्द्रशेखर चक्रधारी, बब्बू मंधान, संतीश साहू, बंटी टंडन, नरेंद्र यदु, दशरथ साहू, पूर्व पार्षद व्यास यदु, पूर्व एल्डरमैन राकेश मंधान, नीरा साहू, आयशा खान, मधु सोनी, समस्त विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, वार्डवासी एवं नागरिकगण उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने आश्रित को सौंपा अनुकम्पा नियुक्ति के तहत पटवारी प्रशिक्षण पत्र



हरिभूमि न्यूज ▸▸| अर्जुनी

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को शासन के अनुकम्पा नियुक्ति नियम के तहत शासकीय कर्मचारी के आश्रित को पटवारी पद पर नियुक्ति के लिये पटवारी प्रशिक्षण हेतु आदेश की प्रति सौंपा। उन्होंने एक वर्षीय पटवारी प्रशिक्षण में भाग लेकर बेहतर प्रशिक्षण लेने प्रोत्साहित किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मल्दी में पदस्थ शिक्षक (एलबी) रविन्द्र कुमार पाठक का शासकीय सेवा में रहते निधन हो गया था। प्रावधानानुसार अनुकम्पा नियुक्ति हेतु जिला स्तरीय गठित चयन समिति के अनुशंसा के आधार पर स्व.रविन्द्र कुमार पाठक शिक्षक एलबी के आकस्मिक निधन होने के फलस्वरूप उनकी आश्रित पत्नी श्वेता पाठक निवासी ग्राम अर्जुनी आरामील पारा विकासखण्ड भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा को पटवारी पद पर अनुकम्पा नियुक्ति के लिए पटवारी प्रशिक्षण शाला में पटवारी प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु शर्तों के अधीन चयन किया गया है। चयनित उम्मीदवार को प्रशिक्षण में सम्मिलित होने के लिए आयुक्त भू अभिलेख नवा रायपुर से अनुमति प्राप्त होने के उपरांत एक वर्ष का निर्धारित पटवारी प्रशिक्षण एवं पटवारी विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। पटवारी प्रशिक्षण प्राप्त कर पटवारी विभागीय परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर पटवारी पद पर अनुकम्पा नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती अथवा अनुकम्पा नियुक्ति की निर्धारित शर्तों के तहत पृथक से आदेश जारी किया जाएगा।

# नगर में पुरुषोत्तम मास महोत्सव जारी

**भाटापारा।** मारवाड़ी कुंआ शिवमंदिर प्रांगण में श्री पुरूषोत्तम मास महोत्सव मनाया जा रहा है। एक माह तक आयोजित पुरूषोत्तम मास पर हर दिन अलग अलग त्योहारों को लेकर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। कार्यक्रम दोपहर और रात्रि में आयोजित किये जा रहे हैं। कार्यक्रम के नवमें दिन सोमवार को रामनवमी एवं राज्याभिषेक के कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें रात्रि पहर के कार्यक्रम में रायपुर से आये भजन गायक कलाकार जयंत चौहान ने प्रभु श्री के भजनों की शानदार प्रस्तुति दी। लगभग दो घंटे से अधिक भजनों की प्रस्तुति में उनका साथ तबले में उनके पिता महेंद्र चौहान ने दिया। कार्यक्रम में उनके द्वारा मेरी छोटी सी है नाव, रामा रामा रटते रटते और मातारानी का जस गीत सोलह सिंगार करके आदि अन्य भजनों की शानदार प्रस्तुति से भक्त झूमते दिखे। उनके भजनों की सराहना उपस्थित श्रोताओं ने की। इस अवसर पर महेन्द्र चौहान ने उपस्थितजनों से कहा कि आप अपने बच्चों को संगीत सीखने के लिए प्रेरित करें, क्योंकि आज के समय में बच्चों पर पढ़ाई का



बोझ बहुत ज्यादा है और बच्चों के दिमाग के तनाव को कम करना है, तो संगीत ही इसके लिए ससख्त माध्यम है, इसलिए बच्चों के लिए संगीत से लगाव व जुडाव आज के समय में बहुत जरूरी है। समापन अवसर पर पुरूषोत्तम मास समिति के गोविंद मुंधडा, तंजीव अरोरा, लच्छू शर्मा, राजेश झंवर, तरूण मुंधडा, मोहन केसरवानी, नरेश अग्रवाल, हरगोपाल शर्मा, गिरधर व्यास गणमान्यजनों द्वारा भजन गायक जयंत चौहान एवं महेंद्र चौहान का पुष्पहार से स्वागत कर स्मृति चिन्ह प्रदान किया। कार्यक्रम मे इसके पूर्व सुबह 11 बजे बिन्दु सत्संग मंडल द्वारा राज्याभिषेक का कार्यक्रम आयोजित किया गया आयोजन 16 जून तक चलेगा, जिसमें प्रतिदिन पूरे साल में पड़ने वाले प्रमुख त्योहारों को अलग दिन मनाया जायेगा।



# छत्तीसगढ़ सिख संगठन ने पटना साहिब जा रही संगत का रेलवे स्टेशन में किया स्वागत

**भाटापारा।** अमरजीत सिंह सलूजा ने बताया कि छत्तीसगढ़ सिख संगठन द्वारा पटना साहिब के लिए संगत 26 मई को रवाना हुई। संगत को लेकर आने वाली गाड़ी सुबह लगभग 8.45 बजे भाटापारा रेलवे स्टेशन पहुंची, जहां भाटापारा इकाई द्वारा संगत के स्वागत हेतु विशेष व्यवस्था की गई थी।

इस अवसर पर भाटापारा इकाई द्वारा संगत एवं लगभग 100 से अधिक संगत के लिए चाय एवं नाश्ते की व्यवस्था की गई। संगत के स्वागत के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह एवं सेवा भावना देखने को मिली। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सिख संगठन की टीम भी रेलवे स्टेशन पहुंची, जहां संगठन के प्रदेश अध्यक्ष दलजीत सिंह चावला का स्वागत किया गया। उनके साथ प्रदेश संस्थापक बंटी चावला एवं हरपाल सिंह भामरा का भी सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष बबलू चावला, सचिव राजा गुम्बर, हरभगवान गुम्बर, बलवंत सिंह सलूजा, छत्तीसगढ़ सिख संगठन संयोजक अरुण छाबड़ा, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अमरजीत सिंह सलूजा, अकाल पुरख की फौज के अध्यक्ष राजा चावला, उपाध्यक्ष मन्नी छाबड़ा, बलविंदर सिंह सलूजा, जोंट्टी गुम्बर, गगन आनंद सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# संयंत्र का मातृत्व स्वास्थ्य और शिशु पोषण जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिरमी रावन

अल्ट्राटेक सीमेंट के सीएसआर विभाग द्वारा ग्राम पाहरो के आंगनबाड़ी केंद्र में मातृत्व स्वास्थ्य एवं शिशु पोषण को बढ़ावा देने हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं को स्वास्थ्य, संतुलित आहार तथा शिशुओं के समुचित पोषण के प्रति जागरूक करना था।कार्यक्रम में ग्रामीण स्वास्थ्य अधिकारी भूपेंद्र श्रीवास ने गर्भावस्था के दौरान आवश्यक सावधानियों, नियमित स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण एवं पौष्टिक आहार के महत्व पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने नवजात शिशुओं के लिए स्तनपान के महत्व तथा पूरक आहार को सही समय पर प्रारंभ करने के संबंध में भी महिलाओं को जागरूक किया। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को अपने दैनिक आहार में हरी सब्जियां, फल, दाल, दूध एवं आयरन युक्त खाद्य पदार्थों को शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति विशेष ध्यान देने का संदेश भी दिया






गया। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 113 शिशुवती महिलाओं एवं 9 गर्भवती महिलाओं को मच्छरदानी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत पाहरी के सरपंच उबारन दास, महिला समूह प्रतिनिधि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता राजकुमारी शिवारे, ग्राम चगोरी की रजवनतीन वंदे, मितानिन दीदी, किशोरी बालिकाएं एवं ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं मितानिनों ने इस प्रकार के स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों के नियमित आयोजन की सराहना करते हुए इसे ग्रामीण महिलाओं एवं बच्चों के लिए उपयोगी बताया।

## मेधावी छात्र भी हुए सम्मानित

# ब्राह्मण प्रीमियर लीग का समापन, भवानी टाइगर्स बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

स्थानीय स्तर पर सामाजिक एकता और खेल भावना को बढ़ावा देने के लिए आयोजित 'ब्राह्मण प्रीमियर लीग' का समापन हुआ। इस खेल महोत्सव की शुरुआत गत 11 मई को भगवान परशुराम जी की विशेष पूजा-अर्चना के साथ हुई थी। टूर्नामेंट में कुल आठ टीमों ने हिस्सा लिया और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला मे भवानी टाइगर्स ने प्रथम पुरस्कार जीतकर विजेता का खिताब अपने नाम किया। वहीं, कड़े मुकाबले में विप्र इलेवन को दूसरा स्थान मिला और वह उपविजेता रही।

मैच के अंत में व्यक्तिगत रूप से शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया गया। इसमें मैन ऑफ द सीरीज, मैन ऑफ द मैच, बेस्ट बॉलर, बेस्ट फील्डर, बेस्ट कैचर और बेस्ट विकेट कीपर के पुरस्कार शामिल रहे। खेल के साथ-साथ समाज की शैक्षणिक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए कक्षा 10वीं और 12वीं के मेधावी छात्रों का भी विशेष रूप से सम्मान किया गया।

युवा ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष अभिषेक उपाध्याय ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा, /"यह आयोजन सिर्फ खेल तक सीमित नहीं था। इसका मुख्य उद्देश्य समाज को एकजुट करना और समरसता बढ़ाना है, ताकि आपस में युवाओं में भाईचारा मजबूत बना रहे।

समापन समारोह में पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, मुरारी मिश्रा, सुशील शर्मा, अभिषेक उपाध्याय, अटल त्रिवेदी, राजकुमार शर्मा, सत्यनारायण जोशी, शरद भृगु, नरेश चौबे, राधे श्याम शर्मा (फग्गा), संतोष पुरोहित, जय शर्मा, प्रकाश शर्मा, सत्यप्रकाश शर्मा, चित्र सेन पुरोहित, नरेंद्र शर्मा, गोपाल शर्मा, राजा त्रिवेदी आदि उपस्थित थे।


